

# आईएसबीटी से बसों का संचालन 15 से होगा शुरू

## 10 जनवरी से सड़क के किनारे नहीं नए बस स्टैण्ड में पार्क होंगी खाली बसें, सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय

नवभारत न्यूज

**सतना, 8 जनवरी. जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में नवीन बस स्टैण्ड संचालन संबंधी गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई.**



बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सतना शहर को अंतरराज्यीय बस स्टैण्ड की मिली उपलब्धि का लाभ आमजन और यात्रियों को शीघ्र सुचारू रूप से मिले। इसके लिए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 15 जनवरी से सतना से मैहर, अमरपाटन और रीवा की ओर जाने वाली बसें नये बस स्टैण्ड (आईएसबीटी) से संचालित होगी। इसके साथ ही नगर निगम की सूत्र सेवा की बसें भी नये बस स्टैण्ड से संचालित होगी। इनका रेल्वे स्टेशन का ठहराव खत्म किया जायेगा। सडकों के किनारे रात्रि में पार्क की जाने वाली खाली बसें 10 जनवरी से नये बस स्टैण्ड में ख?ी की जायेगी। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने कहा कि सतना शहर में अंतरराज्यीय बस अड्डे का लोकार्पण हो चुका है। बस स्टैण्ड के संचालन के लिए नगर निगम द्वारा नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया गया है। हम सब का दायित्व है कि सतना जिले को मिली इस उपलब्धि को सम्मिलित प्रयास से सुचारू रूप से संचालित कर जनता को सुविधा उपलब्ध कराये। कलेक्टर ने कहा कि प्रथम चरण में सतना से रीवा और मैहर, अमरपाटन की तरफ के रूट की बसें नवीन बस स्टैण्ड से संचालित होगी। इसके साथ ही नागौद, चित्रकूट, बिरसिंहपुर की तरफ का रूट पुराने बस स्टैण्ड से संचालित रहेगा। भविष्य में सर्वसम्मति के आधार पर इसे पूरी तरह शिफ्ट किया जा सकेगा। सूत्र सेवा के तहत रीवा की ओर चलने वाली सतना नगर निगम की 6 बसे और रीवा से नगर निगम की आने वाली सूत्र सेवा बसों का संचालन 15 जनवरी से नये बस स्टैण्ड से होगा। रेल्वे स्टेशन के पास का स्थानक खत्म किया जायेगा।

कलेक्टर ने बताया कि राज्य शासन से सतना जिले को पीएम ई-बस सेवा में 20 इलेक्ट्रिक बसे मिलेगी, जिनका चार्जिंग स्टेशन नये बस स्टैण्ड में बनाने का प्रस्ताव भी भेजा जा चुका है। बस आनर्स एसोसिएशन की ओर से महत्वपूर्ण सुझाव दिये गये।

### बैठक में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह, अपर कलेक्टर विकास सिंह, उपायुक्त नगर निगम सत्यम मिश्रा, आरटीओ संजय श्रीवास्तव, डीएसपी ट्रैफिक संजय खरे, सूबेदार ट्रैफिक पंकज शुक्ला, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण बीआर सिंह, बस आनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलेश गौतम, राजेश सिंह गहरवार, रत्नाकर चतुर्वेदी शिवा, बृजेन्द्र सिंह परिहार, राहुल सिंह, सूत्र सेवा संचालक नितेश मोडिया, पंकज त्रिपाठी एवं अन्य प्राइवेट बस संचालक उपस्थित रहे।

### संचालन के लिए 4 सदस्यीय समिति

कलेक्टर ने कहा कि नये बस स्टैण्ड के संचालन के लिए नगर निगम, राजस्व, आरटीओ, पुलिस के अधिकारियों की 4 सदस्यीय समिति बनाई गई है। इसमें कार्यपालिक निदेशक स्मार्ट सिटी को भी शामिल किया जायेगा। नया बस स्टैण्ड पार्किंग सहित सर्वसुविधायुक्त है। बसों के संचालन के पूर्व नये बस स्टैण्ड में कन्ट्रोल रूम बनाकर मार्गदर्शन, शिकायत सुनने की व्यवस्था की जायेगी। इस कक्ष के लिए एक प्रभारी अधिकारी की नियुक्ति कर चौबीस घंटे सपोर्टिंग स्टाफ की डयूटी भी नगर निगम द्वारा लगाई जायेगी।



# मृत सीवर लाइन श्रमिक की पत्नी को 25 लाख की सहायता और मिली

नवभारत न्यूज

**सतना, 8 जनवरी. नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत टोयोटा एजेंसी के सामने सीवर कार्य के दौरान श्रमिक स्व. संतलाल कुशवाहा की कुछ दिन पूर्व दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटनात्मक मृत्यु हो गई थी।**

जिस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार, आज महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सीमा कुशवाहा को शासन की ओर से पच्चीस लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि उनके खाते में अंतरित कर डेमो चेक प्रदान किया गया।

साथ ही संबंधित संविदाकार मे. इनविराड प्रो. प्रा. लि. ने पूर्व में 20 लाख की क्षतिपूर्ति राशि भी प्रदान की जा चुकी है। इस अवसर पर मेरे साथ पार्षद तारिक रजा, पार्षद रसीद, उपायुक्त (वित्त) सत्यम मिश्रा, कार्यपालन यंत्री आर.पी. सिंह, विभागाध्यक्ष (अमृत-1 सीवर) के.पी. गुप्ता एवं सहायक यंत्री मुकेश चतुर्वेदी उपस्थित रहे। नगर निगम सतना पीड़ित परिवार के साथ पूरी संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी के साथ खड़ा है।



# कट्टा लेकर घूम रहे दो बदमाश गिरफ्तार

## नागौद थाना पुलिस की कार्रवाही

नवभारत न्यूज

**सतना, 8 जनवरी. नागौद थाना पुलिस ने कट्टा लेकर घूम रहे दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। दोनों के कब्जे से देसी कट्टा और कारतूस जब्त किया गया। कार्रवाही के बाद गुरूवार को आरापियों को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया।**

पुलिस के अनुसार, सूचना मिली थी कि रितिक राज द्विवेदी बिकरा मोड़ के आगे कट्टा लेकर खड़ा है। पुलिस पहुंची तो आरोपी ने भागने का प्रयास किया। पुलिस ने किसी तरह पकड़ कर उसकी तलाशी ली तो कमर में पैट के अंदर दाहिने तरफ कट्टा मिला और जेब में कारतूस रखा था। ऐसे में आरोपी रितिकराज द्विवेदी पिता राजेन्द्र द्विवेदी (22) निवासी रेरुआकला को गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गाय। इसी तरह एक दूसरी सूचना मिली कि हिमांशू सिंह परिहार उर्फ सुज्जू सरस्वती स्कूल के आगे नागौद सतना रोड में कट्टा लेकर खड़ा है। उसे भी घेराबंदी कर पुलिस ने पकड़ा और कट्टा व कारतूस जब्त किया। आरोपी हिमांशू सिंह परिहार उर्फ सुज्जू पिता धीरेन्द्र सिंह परिहार (22) निवासी अकौना खुर्द के खिलाफ भी आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाही की गई। यह दोनों कार्रवाही थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक पांडेय के नेतृत्व में एएसआई रविशंकर शुक्ला, प्रधान आरक्षक संजय मिश्रा, आरक्षक शैलेन्द्र यादव ने की हैं।

# आदर्शनगर में संदिग्ध हालातों में युवक की मौत, हत्या की आशंका

नवभारत न्यूज

**सतना, 8 जनवरी. कोलगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत आदर्श नगर में रहने वाले एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। प्रथम दृष्ट्या हत्या की आशंका जताई जा रही है। घटना बुधवार रात को होना बताई गई है।**

मालूम हुआ है कि उत्तर प्रदेश के बांदा जिला के बदौसा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भुसासी निवासी पिंटू उपाध्याय पिता नौमत उपाध्याय (40) कोलगवां थाना क्षेत्र में वार्ड नंबर 13 आदर्श नगर नई बस्ती में सुखेंद्र सोनी के मकान में किराएदार था। वह यहां रश्मि कुशवाहा, सूरज कुशवाहा, आकाश कुशवाहा एवं अपनी मां तुलसी देवी के साथ रहता था। प्राप्त जानकारी के मुताबिक 6 जनवरी को तुलसी देवी अपनी बहन के यहां चली गईं थीं। 7 जनवरी की शाम घर में पिंटू उपाध्याय, रश्मि कुशवाहा और सूरज थे शाम करीब 7 बजे आकाश जेल रोड नई बस्ती में अपने दोस्त नितिन साकेत के घर चला गया था। रात करीब 10 बजे आकाश जब वापस आया तो उसने देखा कि आंगन के दरवाजे के पास पिंटू उपाध्याय चादर में ढका पड़ा था, उसके सिर और चेहरे से खून बह रहा था, वह बोल नहीं रहा था। पिंटू उपाध्याय को इस हालत में देखने के बाद आकाश कुशवाहा ने अपने दोस्त नितिन साकेत के भाई मुरली को खबर देकर बुलाया। मुरली ऑटो रिक्शा लेकर आया। इसी रिक्शे से रश्मि कुशवाहा और सूरज कुशवाहा पिंटू उपाध्याय को लेकर जिला अस्पताल गए, जहां डॉक्टर ने देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। पिंटू उपाध्याय की मौत हो जाने की जानकारी मिलने पर आकाश कुशवाहा अपने दोस्त नितिन साकेत उर्फ पीहू एवं उसके भाई मुरली साकेत के साथ कोलगवां थाने गया, वहां उसने घटना की जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस ने मर्ग क्रमांक 3 पंजीबद्ध किया। सूत्र बताते हैं कि प्रकरण में उप निरीक्षक विजय सिंह जांच विवेचना कर रहे हैं। घटना की वजह और आरोपी अज्ञात हैं, हालांकि संदेह के आधार पर कुछ लोगों से पूछताछ हो रही है।



### एक नहीं, कई चोट हैं

सूत्र बताते हैं कि पिंटू उपाध्याय की दांई कनपटी के पास गहरा घाव था। इसी के नजदीक दूसरी चोट थी। उसके माथे में भी दाहिनी तरफ चोट थी। गर्दन में नाखून जैसी खरोच के निशान थे। बाई आंख के ऊपर भी चोट थी। घटना के समय उसके शरीर में फुल शर्ट, इसके नीचे एक टी-शर्ट और नीला पैंट थे। कपड़ों में खून लगा था। बताते हैं कि पिंटू उपाध्याय के दाहिने हाथ में अंग्रेजी से लाल बाबू लिखा था, उसकी कलाई में धागे थे।

### यह महिला कौन है

पिंटू उपाध्याय के साथ रहने वाली महिला रश्मि कुशवाहा कौन है, इस बारे में पुलिस विस्तृत जानकारी जुटा रही है। आकाश ने पुलिस को बताया है कि रश्मि का विवाह संतोष कुशवाहा के साथ हुआ था। वह मैहर जिले के अमरपाटन थाना क्षेत्र के ग्राम लालपुर का रहने वाला था। सूरज और आकाश उसी के बेटे हैं। आकाश ने पुलिस को बताया है कि उसकी मां रश्मि की पिंटू उपाध्याय के साथ दूसरी शादी हुई थी।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

सवाल यह है कि आकाश शाम करीब 7 बजे घर से गया तब सब ठीक था। तकरीबन 3 घंटे बाद जब वह वापस आया तो स्थिति सामान्य नहीं थी। इन तीन घंटे में आखिर क्या हुआ। पिंटू उपाध्याय को इतनी घातक चोट कैसे आई कि उसके प्राण निकल गए। चर्चा है कि उसके चेहरे और सिर में ईट पत्थर जैसी चोट हैं हालांकि धारदार चीज से चोट पहुंचाए जाने की भी आशंका जताई जा रही है। इसीलिए पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। रिपोर्ट मिलने के बाद साफ हो जाएगा कि पिंटू उपाध्याय को चोट कैसे पहुंची और किस चोट ने उसकी जान ली है।

# गुणवत्ता आधारित उत्पाद और पर्यावरण संरक्षण पर कार्यशाला

नवभारत न्यूज

**सतना/मैहर 08 जनवरी मैहर कलेक्ट्रेट भवन के सभाकक्ष में गुरूवार को एम.एस.एम.ई के लिए जेड( जीरो इफेक्ट जीरो डिफेक्ट ) विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।**

कलेक्टर मैहर रानी बाटड के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम भोपाल द्वारा आयोजित कार्यशाला में आर.ए.एम.पी रैम्प के सलाहकार शुभम और मास्टर ट्रेनर आर.के. दलेला ने गुणवत्ता आधारित उत्पादन और पर्यावरण के संरक्षण के बारे में जानकारी दी।

कार्यशाला में उद्योगों में प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को बढाये जाने के अलावा स्टार्टअप्स नीति, एम.एस.एम.ई और भूमि आवंटन नियम की जानकारी दी गई। कार्यशाला में डी.आई.सी. के प्रबंधक के.पी. पाण्डेय, सहा. प्रबंधक हरिओम तिवारी, स्थानीय उद्योगपति अंशुमन राय, म.प्र. लघु उद्योग निगम के सुरक्षा प्रशिक्षक फवाद खान एवं लघु उद्योग निगम के अन्य अधिकारी तथा स्थानीय उद्यमियों की उपस्थिति रही।

# सोशल मीडिया में कट्टा दिखाने वाला गया जेल

नवभारत न्यूज

**सतना, 8 जनवरी. सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर कट्टा दिखाकर रील बनाने वाले को पुलिस ने तलाश कर गिरफ्तार कर लिया है।**

सिटी कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाही कर उसे अदालत में पेश कर जेल भेजा है। पुलिस के अनुसार, सोशल मीडिया पर कट्टा के साथ रील वायरल होने पर आरोपी की पहचान महेन्द्र पाल उर्फ बुल्ली पिता रामचंद्र पाल निवासी भटनवारा के रूप में की गई। इसके गिरफ्त में लेकर पुलिस ने इसके कब्जे से देसी कट्टा जब्त् करते हुए कार्रवाही की है।



# सीवर लाइन के लिए भूमि पूजन, तीन वार्डों को मिलेगी सौगात

नवभारत न्यूज

**सतना, 8 जनवरी. नगर विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने वार्ड क्रमांक 11, 12 एवं 16 में प्रस्तावित सीवर लाइन परियोजना का विधिवत भूमि पूजन किया।**



इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी पालन सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों ने परियोजना की आवश्यकता और इसके लाभों पर प्रकाश डाला। सीवर लाइन परियोजना के पूर्ण होने से संबंधित वार्डों में स्वच्छता व्यवस्था सुदृढ़ होगी, जल निकासी की समस्या से राहत मिलेगी तथा नागरिकों को स्वस्थ एवं स्वच्छ वातावरण उपलब्ध होगा। यह परियोजना क्षेत्र के समग्र विकास में सहायक सिद्ध होगी। महापौर श्री ताम्रकार ने कहा कि नगर निगम का निरंतर प्रयास है कि शहर के प्रत्येक नागरिक को मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँ और सतना को एक आदर्श, स्वच्छ एवं विकसित नगर के रूप में स्थापित किया जाए।



# छात्राओं में बढ़ते तनाव पर कार्यशाला

नवभारत न्यूज

**सतना, 8 जनवरी. शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्राओं में बढ़ते मानसिक तनाव और आत्महत्या के मामले में रोकथाम हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।**

प्राचार्य डॉ. ए के पाण्डेय के निर्देशन में आयोजित कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. पूनम रलहन ने छात्राओं के बीच अपने विचार साझा किया। डॉ. पूनम रलहन ने छात्राओं के मध्य बढ़ते तनाव के कारण व उनके निराकरण की दिशा व दशा पर प्रकाश डालते हुए आज के परिवेश में तनाव व असफलता का डर भी आत्महत्या के बढ़ते आंकड़ों में एक अहम कारण बताया। डर, तनाव, आपसी संबंधों में दूरी व इन समस्याओं से निपटने हेतु विषम परिस्थितियों में भी उसी स्थिति में समान रूप से स्थिर एवं शांति बनाए रखने की अपील की। छात्राओं ने भी डॉ. रलहन के सामने अपनी समस्याएं रखी। कार्यशाला व समिति समिति की संयोजक डॉ. आभा गोयल ने अतिथियों का स्वागत किया व छात्राओं को इस कार्यशाला व उसके फायदों के बारे में बताया कि किस तरह से छात्राएं अपनी समस्याओं को साझा करके अपने परेशानियों का निराकरण कर सकती हैं परंतु अवसाद व हीन भावना से उबरना आवश्यक है। प्राचार्य जी द्वारा छात्राओं को समिति की उपयोगिता व जागरूकता संबंधी आवश्यक जानकारी दी गई।

# एकेएस के 10 विद्यार्थियों का कैंपस चयन



नवभारत न्यूज

**सतना, 8 जनवरी. ए.के.एस. विश्वविद्यालय में सुदृढ़ नेतृत्व, सुव्यवस्थित शैक्षणिक वातावरण और निरंतर सक्रिय कैंपस गतिविधियों का सकारात्मक परिणाम सामने आ रहा है.**

गुरुग्राम स्थित लीप इन्फ्रासिस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित परिसर चयन प्रक्रिया में विश्वविद्यालय के बी.टेक 2026 बैच के 10 विद्यार्थियों का चयन सहायक अभिकल्प अभियंता पद के लिए किया गया है। इस चयन में सिविल इंजीनियरिंग के 3 तथा इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के 7 विद्यार्थियों ने सफलता अर्जित की है।

## दिशा की बैठक 16 को

**सतना 08 जनवरी.** जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सांसद गणेश सिंह की अध्यक्षता में 16 जनवरी 2026 को प्रात: 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मे आयोजित की गई है। कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस ने संबंधित विभाग प्रमुख अधिकारियो को बैठक मे उपस्थित रहने के निर्देश दिये है।

## एक नजर में



### नागौद में किसान जन आंदोलन यात्रा

**सतना।** किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संतोष पांडे के नेतृत्व में 6 जनवरी को कोठी से शुरू हुई किसान जन आंदोलन यात्रा जिले के गांव गांव में पहुंच रही है गुरुवार को किसान जन आंदोलन यात्रा की शुरुआत नागौद विधानसभा से प्रारंभ हुई इसके पूर्व नागौद के कृषि उपज मंडी में नुक्कड़ सभा का आयोजन कर किसानों की प्रमुख मांगों को लेकर संवाद किया गया।



### लीनेस क्लब ने विद्यार्थियों को गिफ्ट बांटे

**सतना।** ऑल इंडिया लीनेस होम क्लब की अध्यक्ष डॉ प्रियंका मिश्रा एवं सचिव पूजा गुप्ता के नेतृत्व में प्रेम नगर स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय सतना में दिव्यांग विद्यार्थियों को गिफ़्ट वितरित किया गया। पीआरओ शिल्पी अग्रवाल ने बताया शीतलहर को देखते हुए इंस्टालेशन ऑफिसर ली. अंजू कटारे के जन्मदिन के शुभ अवसर पर भेंट स्वरूप छात्रों को मिठाई, टोपा ,मोजा वितरित किया गया । इस सेवा कार्य हेतु कोषाध्यक्ष निशा गुप्ता, ऋचा वोरा, पूजा चतुर्वेदी, अंजना अग्रवाल अनामिका सोनी आदि सम्लित हुई ।

### इंदौर में भूख हड़ताल पर बैठेंगे गौरव मिश्रा

**सतना.** इंदौर में दूषित पेयजल से हुई करीब 17 मौत और इस गंभीर लापरवाही पर सवाल पूछने पर पत्रकार का अपमान करने वाले मोहन सरकार के मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर में जिले के युवा नेता गौरव मिश्रा अपने समर्थकों के साथ इंदौर पहुंचकर वहां स्थानीय युवक कांग्रेस के साथियों के साथ कल से इंदौर में धरने पर बैठेंगे ।



### मधुलिमये ईमानदारी और नैतिकता के पर्याय : सुरेंद्र

**सतना.** जदयू राष्ट्रीय कार्यसमिति के पूर्व सदस्य अधिवक्ता सुरेंद्र शर्मा ने प्रख्यात समाजवादी चिंतक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पूर्व सांसद स्वर्गीय श्री मधुलिमये की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि स्व श्री लिमये जी ने आम जनता के अधिकारों, लोकतंत्र और राष्ट्र के हितों के लिए संसद से सडक तक आजीवन संघर्ष किया जेल गये.

# भाजपा की संगठनात्मक मजबूती पर मंथन, मैहर में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की बैठक

नवभारत न्यूज

**सतना, 8 जनवरी. भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री डॉ. अल्का गुर्जर एवं संभाग प्रभारी विजय दुबे के नेतृत्व में गुरुवार को मैहर स्थित आर.पी. पैलेस में मैहर क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई।**



बैठक में सांसद गणेश सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तारपूर्वक और सार्थक चर्चा की। इस अवसर पर संगठन की मजबूती, आगामी रणनीति और बूथ स्तर तक पार्टी की सक्रियता को और अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने ने संगठन की वर्तमान गतिविधियों और आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी, जबकि मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों पर प्रकाश डाला। बैठक में वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने भी अपने विचार साझा किए और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए सुझाव दिए। सांसद गणेश सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं का जिला संगठन से सीधा, सुदृढ़ और जीवंत संवाद बना रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि संगठन की वास्तविक ताकत और चुनावी सफलता की नींव बूथ स्तर पर ही रखी जाती है। इसी कारण उनका निरंतर प्रयास रहता है कि प्रत्येक कार्यकर्ता को संगठन से जोड?र रखा जाए और उनकी भूमिका को सम्मान व महत्व दिया जाए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय बढ़ाने, जनसंपर्क को मजबूत करने और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया।